राजेंद्र दास महाराज,बड़ा मंदिर के महंत डॉक्टर   लोग उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 40 टीबी मरीजों को नि:शुल्क पोषण राशन का वितरण

कालवाड़ टाइम्स

बगरू (अवधेश खाण्डल)। सोमवार को प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नि-क्षय मित्र कार्यक्रम के तहत मुकुल माधव फाउंडेशन द्वारा अपने सीएसआर पार्टनर फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड के सहयोग से गवर्नमेंट हॉस्पिटल, सांगानेर स्थित टीबी यूनिट पर टीबी मरीजों को नि:शुल्क पोषण राशन का वितरण किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कुल 40 टीबी मरीजों को पोषण युक्त राशन किट प्रदान की गई, जिसका उद्देश्य टीबी मरीजों के उपचार के साथ-साथ उनके पोषण स्तर को सुदृढ़ करना एवं शीघ्र स्वस्थ होने में सहयोग देना है। कार्यक्रम में अस्पताल प्रशासन एवं टीबी यूनिट के प्रतिनिधियों सहित डॉ. ऐम.के जैन, डॉ सत्येन्द् व के. के शर्मा एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान श्री दयाराम स्वामी (सीएसआर - एग्जीक्यूटिव - एमएमएफ) ने जानकारी देते हुए बताया कि जयपुर-हड्डा क्षेत्र की 5 टीबी यूनिट्स में नि-क्षय मित्र कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक माह लगभग 200 टीबी मरीजों को नियमित रूप से नि:शुल्क राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। यह पहल टीबी उन्मूलन के राष्ट्रीय लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मुकुल माधव फाउंडेशन एवं फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा टीबी मरीजों के लिए निरंतर किए जा रहे इस सहयोग की सराहना करते हुए उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि ऐसे सामाजिक सहभागिता वाले प्रयासों से टीबी के विरुद्ध लड़ाई को मजबूती मिलती है तथा मरीजों में सकारात्मक मनोबल विकसित होता है। कार्यक्रम के अंत में स्वास्थ्य विभाग एवं टीबी यूनिट स्टाफ का आभार व्यक्त किया गया और भविष्य में भी इस प्रकार के जन-स्वास्थ्य हितैषी कार्यक्रम निरंतर जारी रखने की प्रतिबद्धता दोहराई गई।